## खबर संक्षेप

### बका लेकर घूम रहे दो युवकों को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बका लेकर घूम रहे दो व्यक्तियों को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पाण्डेय को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ग्राम जालासूर तिराहे व नैगवा रोड मे बका लहराकर लोगों को आतंकित कर रहे है जिसकी सूचना की तस्दीक हेतु टीम भेजी गई। उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया उक्त व्यक्तियो से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद परवेज पिता बुलेट 31 साल व बबलू कुमार साह पिता अशोक साह 38 साल दोनों निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना बरारी जिला कटिहार राज्य बिहार हाल मुकाम इंडिया होटल के पीछे शासकीय हाई स्कूल के पास कुठला का होना बताया। आरोपीयो का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से उपरोक्त व्यक्तियो से अवैध बका मौके पर जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय, प्रधान रक्षक व्यास गुप्ता, भरत विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, विकास कुमार, संदीप भलावी सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी शामिल रहे।

### प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में हुई योजनाओं की समीक्षा

# शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन, डोलोमाइट की ट्रांसपोर्टिंग रोकने एवं रोजगार बढ़ाने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं उनके बेहतर परिणाम के लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ सतत संवाद करें। प्रभारी मंत्री ने यह बात शनिवार को जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक में कही।

बैठक मेंखजुराहो सांसद डॉ. व्ही डी शर्मा, विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मौजूद रहें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहां समाज के सभी क्षेत्रों जैसे उद्योगपति, वकील, डॉक्टपर, समाजसेवियों की सहभागिता और सेवाभाव से जिले की विकास की गति को तेज रफ्तार मिलेगी। इस बैठक के माध्याम से समाज के हर क्षेत्र की समस्यागओं के निराकरण करते हुये विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के प्रयास किये जायेंगे। प्रभारी मंत्री ने सदस्यों से कहा कि आगामी बैठक में क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेकर आयें ताकि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्याा परिहार द्वारा नगर निगम की भारत सरकार की अमृत 1.0 तथा अमृत 2.0 वाटर बाडी रिज्यु विनेशन मसुरहा घाट एवं मोहन घाट में कराये जा रहे विकास कार्यों के साथ ही वाटर सप्लावई प्रोजेक्टप, सीवरेज एण्ड सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।




बैठक में विधायक मुड़वारा श्री जायसवाल और समिति सदस्यट शशांक श्रीवास्तव ने शहरी क्षेत्र की खदानों के सौदर्यीकरण एवं गर्मियों के मौसम में खदानों में उपलब्धस जल का उपयोग वाटर ट्रीटमेंट प्लांयट लगाकर नगर की जलापूर्ति एवं पेयजल व्यधवस्थाा सुनिश्चित करने की बात कही। इसके साथ ही गहरी और बड़ी खदानों में टूरिज्म को बढ़ावा देते हुये नौका विहार एवं अन्य गतिविधियां करने का सुझाव दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री और सांसद श्री शर्मा ने कहा कि जिला चिकित्सालिय के प्रबंधन को स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास एवं विस्तार और भविष्य की योजनाओं की दृष्टि से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करना सुनिश्चित करें। मरीजों एवं आम नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु पार्किंग एवं सफाई व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जल्द ही जिले के लिये स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन होगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियो को कार्यों के प्रस्ता व बनाने में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक आभा आईडी और अपार आईडी कटनी जिले में बनाये गये हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं राष्ट्रीय पोषण माह योजना की भी समीक्षा की गई।

बैठक में जल निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जुलाई 2026 तक पवई-2 परियोजना के तहत कटनी और रीठी के 159 गांवों में जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

#### जिले में 46 नवीन खदानें स्वीकृत

बैठक में बताया गया कटनी जिले में हाल ही में संपन्न हुई माइनिंग कॉन्क्लेव के बाद 46 खदाने स्वीकृत हुई है। साथ ही इमलिया गोल्डज माइन के उत्खनन हेतु अनुबंध भी पूरा कर लिया गया है। कलेक्टर ने बताया कि कटनी खनिज संपदा बाहुल्यत क्षेत्र है जिस पर प्रभारी मंत्री ने डोलोमाइट की ट्रांसपोर्टिंग को रोकने तथा जिले में ही उसकी खपत बढ़ाकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये।

#### 15 करोड़ निवेश का अनुमान

उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया तखला में 32 प्लाटों का आवंटन किया जा चुका है। इसके माध्यम से करीब 15 करोड़ रूपये का निवेश अनुमानित है।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिले में पाइलट प्रोजेक्टे की तरह सरसों की खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसी प्रकार नरवाई प्रबंधन के लिये भी जिले में किये गये अच्छे कार्यों की जानकारी दी गई।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, बिजली विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्नव योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा आदिम जाति कल्याणि, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास, पर्यटन, राजस्व के भी कार्यों की भी समीक्षा हुई।

### शासकीय विद्यालयों में चलाया जा रहा कॉलेज चलो अभियान

# विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, सुविधाओं व योजनाओं की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026–2027 में प्रवेश प्रक्रिया के लिए शासकीय महाविद्यालय बरही में "कॉलेज चलो अभियान" अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बरही की ओर से डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सुनीता सिंह एवं डॉ. के. के. विश्वकर्मा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैरतलाई और डी. ए. वी. विद्यालय कुटेश्वर जिला कटनी पहुंचकर "कॉलेज चलो अभियान" के तहत विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई।




अभियान के तहत सर्वप्रथम डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियो को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।

अभियान के अगले चरण में डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्य मंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियो को अवगत कराया। डॉ. सुनीता सिंह द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विषय चयन की प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों विद्यार्थियो को दी गई। अंत में डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी सौरभ तिवारी द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार से महाविद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्यो को भी अलग-अलग विद्यालय आवंटित किए गए हैं।

# सारंगपुर स्टॉप डैम पर किया श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत खंदवारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सारंगपुर स्टॉप डैम पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने बोरी बंधान कर पानी के संरक्षण एवं भू-जल स्तर बढ़ाने का प्रयास किया। समिति के सदस्यों ने आसपास के ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जागरूक किया। सभी से जल के सदुपयोग एवं संरक्षण की शपथ दिलाई।इस मौके पर विकासखण्ड समन्वयक बबीता शाह, परामर्शदाता नीलम मौर्य, अंकित झारिया,समिति सदस्य आशीष बर्मन, राहुल शुक्ला, चंद्रप्रकाश झारिया, शैलेन्द्र झारिया, सुजीत बर्मन,अमन सिंह, नितेश सिंह, राहुल यादव, हरिओम सिंह,शैलेंद्र कुमार, नैतिक बर्मन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# खेत गए किसान पर भालू ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद क्षेत्र में किसान पर एक भालू ने अचानक हमला कर दिया जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार बदराज कलां निवासी किसान रमेश बर्मन, पिता हुकुम बर्मन, सुबह करीब 6 बजे अपनी निजी भूमि के खसरा नंबर 72 में लगी गेहूं की फसल देखने गए थे। खेत के पास लगे तार फेंसिंग के पास पहले से छिपकर बैठे भालू ने जैसे ही किसान को पास आते देखा, उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से किसान को संभलने का मौका नहीं मिला।हमले के दौरान भालू ने किसान के चेहरे, पेट और हाथ पर पंजों से वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।



आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल किसान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गुलाब प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह क्षेत्र भालुओं का प्राकृतिक निवास है और पूर्व में भी इस इलाके में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

वन विभाग ने घायल किसान के संपूर्ण इलाज का खर्च वहन करने और उपचार अवधि में 500 प्रतिदिन की मजदूरी देने की घोषणा की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल से सटे खेतों में जाते समय सतर्क रहें और लाठी, मशाल या टॉर्च साथ लेकर चलें, ताकि जंगली जानवरों से बचाव किया जा सके।

### अधिकारियों की टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की उड़नदस्ता टीम के द्वारा खाद्य विक्रय संस्थानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि जांच के दौरान उड़नदस्ता टीम द्वारा कटनी के सब्जी मंडी स्थित गोपाल डेयरी से पनीर एवं दही के नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं बरगंवा स्थित कान्हा डेयरी से दूध का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार ग्राम खंजरी स्थित आटा मिल चैटरुमल नेचुमल फर्म का निरीक्षण कर यहां से जांच हेतु गेहूं का नमूना लिया गया। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हे। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

# विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खजुराहो लोकसभा के कटनी मुड़वारा तथा विजयराघवगढ़ में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन आज भव्य आयोजनों तथा रोमांचक खेल मुकाबलों के बीच हुआ। कटनी मुड़वारा में एसीसी केल्ड्रीज रीफेक्टरी खेल मैदान तथा विजयराघवगढ़ में डीएवी स्कूल मैदान में गरिमामय वातावरण में विविध खेल प्रतियोगिताओं के विजेता उप विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। दोनों ही स्थानों पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा रहे।

खेल महोत्सव के समापन अवसर पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन ने ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त मंच प्रदान किया है। श्री शर्मा ने बताया कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित इस महोत्सव के फाइनल मुकाबले पन्ना एवं खजुराहो में होंगे तथा 25 दिसंबर अटल की जन्म जयंती पर पन्ना में होने वाले ऐतिहासिक समापन समारोह में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र, ओलंपियन अशोक ध्यानचंद व अन्य खेल हस्तियों की उपस्थिति रहेगी।



समापन अवसर पर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कटनी में आयोजित इस समापन अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी तथा पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी उपस्थित थे।

कटनी मे सांसद खेल महोत्सव मे शतरंज खेल को भी शामिल किया गया। मंगलम गार्डन दुर्गा चौक में चेस टूर्नामेंट मे फाइनल के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विष्णुदत्त शर्मा ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचे वीडी शर्मा ने न सिर्फ खिलाड़ियों की हौसला अफ़ज़ाई की बल्कि उनसे शतरंज के गुर भी सीखे तथा यहां की व्यवस्थाओं के लिए संचालक श्याम निषाद की प्रशंसा की।

कटनी तथा विजयराघवगढ़ में इस अवसर पर वेट लिफ्टिंग तथा शतरंज कबड्डी, खोखो जुडो आदि खेलों का खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। छात्र छात्रों ने यहां खेलों के जरिये फिट रहने के संदर्भ में एक नाटक की भी प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी बार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर बार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा बार्ड न.14, 761. बासुदेव बर्मा पिता\पति विश्राम बर्मा पता- धाराशिव लबन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा बार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई बार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण**– 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्री कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण** – 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### देशी कट्टा व कारतूस जब्त, आरोपित को भेजा जेल

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने ग्राम देवरी हटाई में एक व्यक्ति को देसी कट्टा लहराते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार भ्रमण के दौरान सउनि विक्रम सिंह को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देवरी हटाई बछौली मोड़ में एक व्यक्ति देशी कट्टा लेकर लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर मय हमराह स्टाफ के जाकर तस्दीक की गई। मौके पर मुन्ना उर्फ इंद्रजीत यादव पिता भोजू यादव 39 साल निवासी ग्राम केवलारी थाना एनकेजे एक देशी कट्टा लिये मोटरसायकल में बैठा मिला जिससे देशी कट्टा के संबंध लायसेंस चाहा गया जो नही होना बताया है। देशी कट्टा चेक करने पर गरारी में 02 नग जिंदा कारतूस लगे पाये गये। मौके पर मय देशी कट्टा, जिदा कारतूस एवं मोटरसायकल के आरोपी को गिरफ्तार कर थाना बड़वारा लाया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही नही जाती तो कोई गंभीर घटना घटित हो सकती थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक दीपक सिंह की विशेष भूमिका रही।

### सभी थाना में हुई जन सुनवाई में 125 शिकायतें निराकृत



**कटनी।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा जिले भर में सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के निर्देश पर सभी थानों को लंबित शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण के लिए विशेष आदेश जारी किए गए थे। सभी थानों में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता तथा संवेदनशीलता के साथ सुना और थाना प्रभारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन से संबंधित अधिकांश शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर उन्हें बंद कराया गया। थानों में मौके पर की गई शिकायतों में कोतवाली–21, माधवनगर–16, कुठला–09, एनकेजे–09, रंगनाथ नगर–29, स्लीमनाबाद–03, बहोरीबंद–03, उमरिया पान–02, ढीमरखेड़ा–05, कैमोर–04, बरही–09, विजयराघवगढ़–06, बड़वारा–06, रीठी–01, महिला थाना–02 कुल 125 शिकायतों का समाधान किया गया। पुलिस ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शिता और बेहतर पुलिसिंग विभाग की प्राथमिकता है।

## ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत भमका में वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 1 करोड़ 50 लाख के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जल है तो कल है, जल ही जीवन है... इसे व्यर्थ न बहाएं, जल बचाओ जीवन बचाओ, जल है जीवन का आधार इसके साथ न करें दुर्व्यवहार। इस प्रकार के नारे कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में आयोजित वाटरशेड महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम की जल यात्रा में लगाए गए। अवगत होवे कि गत दिवस ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत भमका में जन प्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीण जनों, मातृशक्तियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में जल संरक्षण और जल संवर्धन का संदेश देने जल यात्रा निकली गई। स्थानीय महिलाओं ने मिट्टी के कलश रखकर, स्लोगन से लिखी तख्तियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे, उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल, विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विकासखंड नोडल अधिकारी तथा प्रोजेक्ट लीडर यजुवेंद्र कोरी,वाटर शेड परियोजना के जिला प्रभारी कमलेश सैनी, मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी, जनपद सदस्य और सरपंच सहित सैकड़ो की संख्या में जागरूक समाज सेवियों की उपस्थित रही।



### भूमिपूजन, लोकार्पण एवं पौधारोपण

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ एवं प्रोजेक्ट लीडर श्री कोरी ने बताया कि परियोजना क्रमांक 1 एवं 2 के अंतर्गत लगभग डेढ़ करोड़ लागत से जल संरक्षण एवं संवर्धन के तालाबों और खेत तालाब, लगभग तेरह कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार एवं पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने प्रकृति को हरा भरा बनाए रखने और पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से विविध प्रकार की प्रजातियां के पौधे रोपित किए। इसके पूर्व जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी एवं वाटरशेड के जिला प्रभारी श्री सैनी ने वाटरशेड महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से पानी की एक-एक बूंद को बचा कर सुरक्षित रखने की अपील की।

जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे ने रिबन काटकर ग्राम पंचायत भमका में निर्मित नेटशेड का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य मौसमी सब्जियों के बीज तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराना है ताकि किसान बीज प्राप्त कर सब्जियों की अधिक से अधिक पैदावार कर ऊंचे दामों ने विक्रय कर आर्थिक मुनाफा कमा सके।

### जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती पटेल, सीईओ श्री कोरी, वाटरशेड के जिला प्रभारी श्री सैनी द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले जागरूक नागरिकों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मेघा मौर्य,अजय केसरवानी, संतोष द्विवेदी,राहुल पंथ,शिवम यादव, विक्रम विश्वकर्मा, शशि दिवाकर दीक्षित ,भूपेंद्र सिंह अनुपम कुशवाहा, संतोष पाठक अभिषेक भार्गव के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार पशु पालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से सतत नवाचार किये जा रहे हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग को जिले में ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान₹ का द्वितीय चरण 17 दिसंबर से शुरू करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने अभियान के तहत जिले में दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने हेतु पशुपालकों से गृह भेंट कर उनको तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक करने के निर्देश पशुपालन विभाग को दिये हैं।

### तीन चरणों में अभियान

जिले में यह सम्पूर्ण अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 2 अक्टूबर 2025 से 9 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी गांवों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया था। जबकि अभियान का द्वितीय चरण समस्त राज्य में 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें 5 से 9 गौवंशीय तथा भैंस वंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों से ग्रामों में जाकर सम्पर्क किया जाएगा। इस अभियान की अवधि न्यूनतम 7 दिवस एवं अधिकतम 15 दिवस रखी गई है। अभियान को निर्धारित समयसीमा में ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएगा।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विकासखण्ड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही अभियान में संलग्न प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण पद्धति द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

अभियान में उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी के माध्यम से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, गौसेवक, पशु सखी एवं अन्य का तिथीवार, ग्रामवार रूट चार्ट तैयार किया जाएगा, जिसमें संलग्न समस्त विभागीय अमले को व्यावहारिक दैनिक लक्ष्य प्रदान करते हुए इसकी जानकारी शासन को 12 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से भेजी जायेगी।

### कंट्रोल रूम होगा स्थापित

अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु जिले स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा, जिसका मुख्य दायित्व सम्पूर्ण अभियान के दौरान मैदानी अमले को आने वाली समस्याओं को त्वरित निराकरण करना है, तथा जिले में हो रहे नवाचार की जानकारी संकलित कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजना है।

**अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिये दिश निर्देश**

# लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें, लोगों से अच्छा व्यवहार बनायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। समाप्त होते साल 2025 की यह अंतिम समीक्षा बैठक बेहद महत्वपूर्ण थी। साल के अंतिम माह को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रकार के लंबित अपराध, चालान, खात्मा-खारजी, समंस एवं वारंट को नियत समय सीमा में शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रमुख रूप से लंबित अपराधों एवं चालानों की विस्तृत समीक्षा के साथ गुम इंसान, गुम बालक, बालिकाओं की तलाश कर शीघ्र दस्तयाबी, प्राप्त शिकायतों का अधिक से अधिक एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण, अनुसूचित जाति, जनजाति से जुड़े अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही, लंबित खातमा-खारजी प्रकरणों की समीक्षा, लघु अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि में प्रभावी कार्रवाई, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का शीघ्र एवं संतोषजनक समाधान, स्थाई वारंटों की तामील कर वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत करना शामिल रहा। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना, चौकी स्तर पर जन सामान्य से बेहतर व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण किया जाए। जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, साइबर अपराधों से बचाव जैसे विषयों पर प्रभावी जनजागरूकता अभियान ग्राम एवं कस्बों में निरंतर चलाए जाएं।




उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वि.गढ धीरेन्द्र धार्वे, अनुबिभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, डीएसपी मुख्यालय उषा राय, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पुलिस स्टाफ शामिल हुआ।

## विद्यार्थियों को आईटीआई का भ्रमण करा दी जानकारी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ केआईटी सेक्टर के विद्यार्थियोंकोशुक्रवार को शासकीय आईटीआई कटनी का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में विद्यालय से लगभग 72 छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण के दौरान विद्यालय से आए विद्यार्थियों को आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, कारपेंटर, स्टेनों, कोपा, मोटर मैकेनिक, मैकेनिक डीजल एवं अन्य तकनीकी व्यवसायों का विस्तारपूर्वक अवलोकन कराया गया। साथ ही तकनीकी प्रशिक्षण के आधुनिक उपकरणों, मशीनों, वर्कशॉप व्यवस्था एवं प्रशिक्षण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस भ्रमण का संचालन एवं मार्गदर्शन आईटी सेक्टर की प्रशिक्षक रेखा पटेल द्वारा किया गया। साथ ही भ्रमण के दौरान छात्रों को समग्र जानकारी, सुरक्षा निर्देश एवं व्यवसाय संबंधित जागरुकता प्रदान करने का कार्य प्रशिक्षण अधीक्षक भारती तिवारी द्वारा किया गया। शासकीय आईटीआई कटनी का उद्दे श्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक ज्ञान एवं उद्यो ग जगत में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराना है, ताकि वे भविष्य में अपने करियर का चयन सुगमता से कर सकें।

# आत्मनिर्भर एवं समर्थ समूह ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित उद्यमों के पंजीकरण को बढ़ावा देने जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियो से जुड़े स्व-सहायता समूह सदस्य के उद्यमों को पंजीकरण से जोड़ना तथा उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में जिले के विकासखंडों से विकासखंड प्रबंधक एवं उद्यम सखियों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण में जिला व्यापार एवं उदयोग केन्द्र के सहायक प्रबंधक राजेश पटेल ने आधार (उद्यम) पंजीयन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन पंजीकरण के लाभ एवं इससे संबंधित शासकीय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण मे स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित लघु उद्यमों के लिए व्यवसाय कार्ययोजना तैयार करने के व्यावहारिक चरणों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने कहा कि उद्योग आधार पंजीयन और व्यवसाय कार्ययोजना बनाने के बाद बैंक से ऋण, बाजार उपलब्धता और सरकारी योजनाओं से जुड़ने में अत्यधिक सुविधा होगी। आत्मनिर्भर एवं समर्थ समूह ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जायेगे ताकि जिले के प्रत्येक स्व-सहायता समूह को उद्यमिता कौशल से सशक्त किया जा सके। जबकि आजीविका मिशन जिला प्रबंधक सीमा सिंह ने प्रतिभागियों को बाजार विश्लेषण, लागत आकलन, पूँजी प्रबंधन, विपणन रणनीति एवं उद्यम विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

उद्यम सखियों एवं विकासखंड प्रबंधकों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि समूहों द्वारा संचालित दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, अगरबत्ती निर्माण, खाद-बीज उत्पादन, मसाला निर्माण जैसे कई उद्यमों को औद्योगिक पहचान मिलने से समूहों को बड़े स्तर पर काम करने का अवसर मिलेगा।

**झिंझरी में साप्ताहिक परेड का हुआ आयोजन एएसपी ने ली सलामी**

# उत्कृष्ट कार्य पर जिले के 13 पुलिस कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

झिंझरी स्थित परेड ग्राउंड में गत दिवस पुलिस की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा किया गया। परेड के दौरान आकांक्षा चतुर्वेदी एसडीओपी स्लीमनाबाद, ऊषा राय डीएसपी हेड क्वार्टर, शिवा पाठक प्रोविजनर डीएसपी, संध्या राजपूत रक्षित निरीक्षक द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी दी गई। साप्ताहिक परेड में रक्षित निरीक्षक के साथ 8 निरीक्षक, 9 उप निरीक्षक, 2 सूबेदार, 10 सहायक उप निरीक्षक, 23 प्रधान आरक्षक, 45 आरक्षक, 10 महिला आरक्षक कुल मिलाकर 108 कर्मचारी मौजूद रहे।



परेड के बाद थाना क्षेत्रों में उपयोग होने वाले शासकीय वाहनों का भी निरीक्षण कर उनकी तैयारी एवं कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने परेड की टुकड़ियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त परेड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निरीक्षक अनूप सिंह प्लाटून-1 के कमांडर एवं साइबर सेल एवं कंट्रोल रूम प्रभारी को उनके उत्कृष्ट टर्न आउट एवं कमांड के लिए पुरस्कार तथा निरीक्षक संजय दुबे थाना प्रभारी माधव नगर, राहुल पांडे यातायात प्रभारी, अभिषेक चौबे ढीमरखेड़ा, आशीष शर्मा कैमोर, रितेश शर्मा विजयराघवगढ़, मोहम्मद शाहिद रीठी, सुदेश समन स्लीमनाबाद, अखिलेश दहिया बहोरीबंद, उ.नि. विनोद पांडेय, उ.नि. सुयश पांडेय चौकी बिलहरी, आर नीरज दुबे पुलिस लाइन, आर. अमित लकड़ा पुलिस लाइन, आर आशीष पटेल स्लीमनाबाद, आर भूपेंद्र यातायात, आर रत्नेश यातायात, आर मंजय यातायात, म.आर मीना पुलिस लाइन, म.आर रजनी पुलिस लाइन, म.आर जैनब बी पुलिस लाइन, आर (चा.) सुशील दुबे पुलिस लाइन को पुरस्कृत किया गया। जिला पुलिस कटनी अनुशासन, दक्षता एवं बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

साप्ताहिक परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, तत्परता को और सुदृढ़ करना है। भविष्य में भी ऐसे अभ्यास निरंतर जारी रहेंगे, जिससे पुलिस व्यवस्था और मजबूत हो सके।

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक का हुआ आयोजन

# शहर में बेहतर आवागमन के लिए शीघ्र ट्रांसपोर्ट नगर से व्यवसाय करें प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में निरंतर बढ़ रहे वाहनों को व्यवस्थित कर नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवस्थित रूप से संचालन एवं संचालन हेतु मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की मौजूदगी में कार्यालय कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई।



विधायक श्री संदीप जायसवाल ने बैठक के दौरान शहर विकास सर्वोपरि होने की बात कहते हुये जिन 114 ट्रांसपोर्टरों को ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, उनसे शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय संचालन की बात कही तथा शेष नवीन 2005 तक के 115 ट्रांसपोर्टरों को ट्रांसपोर्ट नगर में ही नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर भूमि के आवंटन हेतु सभी को शासन स्तर से पुनः मिलकर प्रयास करने का सुझाव दिया। इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का विधायक द्वारा आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान विधायक श्री जायसवाल ने ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना, ट्रांसपोर्ट नगर हेतु शासन स्तर से भूमि आवंटन, ट्रांसपोर्ट नगर में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवस्थित संचालन हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे है। ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायियो को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके इस हेतु आगे भी निरंतर प्रयास जारी हैं। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शेष 115 नवीन ट्रांसपोर्टरों के भूखंड आवंटन की प्रक्रिया हेतु भी शासन स्तर से मिलकर प्रयास करने की बात भी कही गई।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में 15 बाय 30 मीटर के 27 भू-खंड रिक्त हैं। प्रति भू-खंड कीमत 47.92 लाख रूपये है। इसी प्रकार 12 बाय 45 के कुल 93 भू-खंड रिक्त है। प्रति भू-खंड मूल्य 19.17 लाख रूपये है। इसी तरह 5 बाय 15 के 6 भू-खंड हैं। प्रति भू-खंड का मूल्य 9.58 लाख रूपये है। उक्त भूखंडों को नीलामी के माध्यम से ही आवंटन किया जा सकेगा। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की सुविधा को देखते हुये 4 किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा भी प्रदान की जायेगी।

### ये भी होंगे विकास कार्य

ट्रांसपोर्ट नगर में रिपेयरिंग यार्ड, ढाबा, रेस्टोरेंट, पार्किंग, धर्मकांटा, पेट्रोल पंप आदि का भी प्रावधान किया गया है। जिनका निर्माण कार्य एक-दो माह में शीघ्र ही पूर्ण कराने के प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन अध्यक्ष बी एन तिवारी द्वारा शेष 115 ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को भी नो लॉस नो प्रोफिट के आधार पर ही भू खंडों का आवंटन करने की मांग की गई। जिस पर निगमायुक्त ने उपस्थित ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को शासन के नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुये बताया कि नवीन ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को अब अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत निविदा के माध्यम से भूखंडों का आवंटित किया जा सकेगा। जिसके तहत जो ट्रांसपोर्ट व्यवसायी नीलामी में भाग लेगा उसे ही नियमानुसार भू-खंड का आवंटन प्राप्त हो सकेगा।

निगमायुक्त बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में पूर्व में चिन्हित 226 लोगों में से पात्र 114 ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को भूखंडों के आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है।

# सामान्य परिषद की बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में कलेक्टर एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सामान्य परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया। साथ ही पूर्व बैठक एजेण्डा का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में सिक्योरिटी गार्ड के लिये टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने तक अधिकतम तीन माह तक पुराने टेण्डर की अवधि को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही टेण्डर प्रक्रिया में जिला संस्थागत वित्त अधिकारी को सदस्य के रूप में नामांकित करने हेतु निर्देशित किया।



बैठक में बस संचालन का भुगतान बैठक के पूर्व का भुगतान पुरानी दर पर किये जाने की सहमति प्रदान की गई। जुलाई 2025 से नवंबर पैड दिसंबर 2025 तक का भुगतान पूर्व टेण्डर में निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान करने एवं जनवरी 2026 से 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भुगतान दर पर जून 2026 तक के लिये बस चलवाने के लिये टेण्डर अवधि को बढ़ाया गया।

बैठक में कॉन्फ्रेन्स रूम हेतु 50 कुर्सियां एवं महाविद्यालय हेतु सेनेटरी मशीन, पोडियम विथ माईक, इनवर्टर, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर क्रय करने हेतु सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। बायोटेक एवं राजनीतिशास्त्र विषय हेतु 12 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय पर सत्र 2025-26 के लिये स्व वित्तीय अतिथि विद्वान की नियुक्ति हेतु सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। लाईब्रेरी की खिड़कियों में जाली लगवाने हेतु 10 हजार, वोकेशनल पाठ्यक्रम में विशेषज्ञ द्वारा 500 रूपये शिक्षण करवाने, टेण्डर के प्रकाशन हेतु प्रकाशित कराये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। बैठक में स्व-सहायता समूह द्वारा कैण्टीन के संचालन हेतु पुरानी बैठक की शर्तों के अनुसार बुलाये गये टेण्डर नहीं आने पर टेण्डर की शर्तों को संशोधित करते हुये मासिक किराया 5 हजार रूपये एवं प्रतिभूति की राशि 25 हजार रूपये की गई।

खबर संक्षेप

## शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न

**जबेरा।** जबेरा जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा जबेरा में संपन्न हुई। जबेरा ब्लॉक में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें शासकीय उच्च विद्यालय वास शासकीय कन्या विद्यालय परीक्षा केंद्र रहा।शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 456, शासकीय कन्या विद्यालय में 387 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। सुबह से ही विद्यालय में अधिक भीड़भाड़ होने के कारण थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान स्टाफ सहित पहुंचे व व्यवस्थाओं को संभाला। दोनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई।

## बड़ागांव बांध में अज्ञात महिला का शव उतराते मिलने से सनसनी

**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में एक ही हफ्ते के अंदर दूसरा शव मिलने से लोगों में सनसनी फैली ऐसा ही मामला शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे सामने याया है बताया जा रहा है कि देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बड़ा गांव बांध में एक लगभग 22 या 23 वर्षीय महिला की लाश पानी में तैयारी मिलने से सनसनी फैल गई। आस-पास के रहवासियों ने जब देखा तो मामले की जनकारी देवेंद्रनगर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। देवेंद्र नगर थाना प्रभारी रामा सरे सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे के लगभग 100 डायल में इवेंट आया था बांध में महिला की लाश पानी में तैरते हुए लोगों ने देखा जिसमें बताया जा रहा है कि महिला शादीशुदा है।

## गौशाला में बिछाया जा रहा सुविधाओं का जाल

पवई। पवई से 8 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौ सदन में इन दिनों लगातार गौवंश की सुरक्षा एवं उसके संरक्षण हेतु सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। गौवंश के भोजन ,पानी,इलाज और अन्य प्रकार की सेवा और सुविधाओं हेतु प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के साथ ही श्री विद्यासागर सुरक्षा एवं संवर्धन समिति सदैव तत्पर है। गायों एवं गौवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन शैडो के नीचे हीटर,हैलोजन के साथ-साथ संपूर्ण परिसर में नेट लगाई गई है।

# ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, अलाव सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड ने जोरदार वापसी की है। बर्फ सी ठंडक के साथ चल रही शीत हवाओं ने आम जनमानस को कंपकंपा दिया है। कड़ाके की ठंड से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ों से ढंके नजर आ रहे हैं। तापमान में आई भारी गिरावट से जनमानस ठिठुर रहे हैं। विगत कुछ दिनों से ठंडी हवाओं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रोंगटे खड़ा कर देने वाली ठंड ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। स्थिति ऐसी है कि जरूरी काम से घर से निकलते समय लोग पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढंक रहे हैं। ठंड से बेहाल हुए लोग किसी तरह बचने का प्रयास कर रहे हैं। ठंड के साथ ही गर्म चाय, समोसे भजिये की बिक्री भी बढ़ गई है। दुकानों के सामने भी भीड़ नजर आ रही है। ठंड अब शीत लहर की जगह ले चुकी है। धीमी सर्द हवाओं ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इस ठंड से अब धूप भी बेअसर साबित हो रही है।बाजार में गर्म और ऊनी कपड़ों की खरीदी भी बढ़ गई है। सुबह और शाम-रात्रि में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर शीतलहर से लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं। लगातार बढ़ रही सर्दी ने लोगों की दिनचर्या को बदल दिया है। सेहत के लिए अच्छा माना जाने वाला सर्दी का मौसम अब बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ पर भारी पड़ने लगा है। बच्चे सर्दी खासी के चपेट में आ रहे हैं।

### लोग लेने लगे अलावा का सहारा

सर्दी का मौसम स्वास्थ के लिए हित कर बताया जाता है, क्योंकि इस मौसम में पाचन क्रिया तेज हो जाती है। ऐसे गरीब जिसके पास गर्म कपड़े नहीं है और आर्थिक तंगी है, उनके लिए ठंड कष्टदायी हो गई है। लोग अपने अपने घरों में अलाव का सहारा लेने लगे हैं वहीं हटा के नगरीय क्षेत्र में ठंड से बचने के लिए लोगों को सार्वजनिक स्थानों चौराहा, अस्पताल, बस स्टैंड आदि जगहों पर नगर पालिका द्वारा लकड़ी डालकर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। शनिवार रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जहां अधिकतम तापमान 28 तो न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया। ठंड की वजह से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। बाजारों में भी ठिठुरन के कारण रौनक कम दिखाई दे रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और ज्यादा ठंड बढ़ने की चेतावनी दी है।

# संत सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुई शिव कथा और महायज्ञ



दमोह। भंडारे के साथ शिवपुर रामलीला मैदान काशी में नव दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज से संत ,महंत ,मंडलेश्वर आए थे इस संत समागम में श्री महंत श्रीश्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी बताया कि हवन वातावरण व वायुमंडल शुद्ध होने के साथ व्यक्ति को आत्मिक बल भी प्रदान करता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। बही शिव कथा से जीव में भक्ति, जान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। धार्मिक आयोजनों से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। उहोंने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया और कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला वर्ण प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन , उसे हम सब प्रसाद कहते हैं। प्रसाद हर धार्मिक आगोजन या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन, बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी 'भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। सनातन धर्म के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में जुटे 400 साधु-संतों का सम्मान और विदाई की गई इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और यज्ञ की पूर्णाहुति की उसके बाद उन्होंने महाप्रसाद ग्रहण किया। फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट आश्रम के मंहत रामदास त्यागी एवं आयोजक विनोद कुमार दूबे के सहयोग से नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। जिसमें मंहत रामदास त्यागी ने महायज्ञ एवं संत समागम में उपस्थित मुख्य अतिथि जगतगुरु श्री संतोषाचार्य विष्णु संप्रदाय प्रमुख सहित बालकाचार्य जी महाराज भी रहे। जिसमें प्रमुख वक्ता स्वामी हर्षानंद, महंत श्री धनुर्धारी दास महाराज, श्री महंत तुलसी दास जी महाराज, खाक चौक पंच तेरा भाई त्यागी,महंत श्री राम दास हनुमान फाटक, डॉ महंत श्री श्रवण दास जी महाराज, महंत मोहन दास कोतवाल जी महाराज, महंत सुरेश दास जी कमलेश केशरी, कोषाध्यक्ष आनंद अववाल, आचार्य जितेन्द्र तिवारी, पुरुषोत्तम जालान, सहित आपार जन समूह उपस्थित रहा।

# आदिवासी ग्राम महुआ खेड़ा में ऐतिहासिक फैसला, पूर्ण शराबबंदी लागू

**बनवार/जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा क्षेत्र की आदिवासी ग्राम पंचायत महुआ खेड़ा ने सामाजिक जागरूकता और सामूहिक संकल्प का परिचय देते हुए गांव में पूर्ण शराबबंदी का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लंबे समय से गांव में बिक रही अवैध शराब और शराबियों के उत्पात से महिलाएं, बच्चियां और बच्चे बेहद परेशान थे। आए दिन झगड़े, अशांति और डर का माहौल बना रहता था। गांव की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जागरूक शिक्षक धीरज सिंह ने भगवती मानव कल्याण संगठन से संपर्क कर गांव में एक विशेष बैठक का आयोजन कराया। बैठक में गांव की महिलाओं, बच्चियों, बच्चों, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब महुआ खेड़ा में शराब न तो बेची जाएगी और न ही पी जाएगी। गांव में शराब बेचने वाले व्यक्तियों ने भी सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि वे गांव के हित में आज के बाद कभी शराब नहीं बेचेंगे। इस फैसले पर प्रसन्न होकर ग्रामवासियों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि इसके बावजूद कोई व्यक्ति गांव में शराब बेचता पाया गया तो उस पर 10,000 का जुर्माना, और शराब पीने वाले पर 5,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। यह निर्णय ग्रामवासियों की सामूहिक सहमति से लिया गया। इस अवसर पर शिक्षक धीरज सिंह, लखन सिंह पटेल, राम सिंह दादा, संत विरेंद्रानंद जी, शिक्षक अहिरवार जी, डॉ. सेन जी सहित भगवती मानव कल्याण संगठन से किसान मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह चोपड़ा, नरेंद्र सिंह, चेतराम यादव, धर्मेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्णय से गांव में अब शांति, सुरक्षा और सकारात्मक वातावरण बनेगा और आने वाली पीढ़ी को नशामुक्त, सुरक्षित जीवन मिलेगा। महुआ खेड़ा का यह कदम आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।



# टीम ने की सीसी रोड की जांच



**अजबधाम।** बटियागढ़ जनपद की ग्राम पंचायत पौड़ी फतेहपुर के अधीन ग्राम पिपरिया घनश्याम मैं सीसी रोड निर्माण कार्य किया गया था जो बुद्धे पटेल के मकान से मुख्य मार्ग की ओर हुआ है जिसकी जांच करने के लिए जांच टीम गठित की गई। जांच टीम ने मौका स्थल पर जाकर ग्रामीणों के समक्ष सीसी रोड की खुदाई कर जांच की गई। जिसमें जांच करता सहायक यंत्री कमलेश चौधरी, उपयंत्री एच के तंतुवाय के द्वारा सीसी रोड की जांच की गई। सीसी रोड की गुणवत्ता और मोटीई चेक करने के लिए सीसी रोड की खुदाई की गई। जांच के दौरान सीसी रोड की मोटाई एस्टीमेट अनुसार पाई गई। यह जांच कार्यवाही पिपरिया घनश्याम के ग्रामीणों व सरपंच सचिव की मौजूदगी में की गई।

# एक दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में संचालित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दमोह में एक दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर महेश पटेल, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय सेन, अमित बजाज गोलू, संजय यादव, राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, उमेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा गोला फेंक की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे जिसमें गोला फेंक (बालक वर्ग) में मनीष सिंह ने प्रथम, अमृतास वाजपेई ने द्वितीय एवं श्रीकांत चौबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार गोला फेंक (बालिका वर्ग) में अंजू साहू प्रथम, राधा काछी द्वितीय एवं नंदिनी कुर्मी तृतीय रहीं। साथ ही 400 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में अमित परिहार प्रथम, सत्यम कुर्मी द्वितीय एवं अंकित परिहार तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में अनुश्री फरेला ने प्रथम, गुंजन जैन ने द्वितीय एवं राधा काछी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लंबी कूद (बालक वर्ग) में विकास कुर्मी एवं (बालिका वर्ग) में दुर्गा रजक ने प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में सत्यम कुर्मी प्रथम, विवेक रजक द्वितीय एवं अंकित परिहार तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में मानसी रजक ने प्रथम, गुंजन जैन ने द्वितीय एवं मीना अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अवसर पर गोपाल पटेल, कृष्णा पटेल, सृजन असाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री सद्गुरु सेवा संघ के सदस्यों का किया सम्मान

**जबेरा।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 13 तारीख को श्री सिद्धेश्वर नर्मदेश्वर शिव मंदिर जबेरा में करीब 14 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। डॉक्टर कन्हैया लाल के निर्देशन में एवं संयोजक जिला मंत्री भाजपा रानू नामदेव, सीपी चोपड़ा, परसोत्तम गर्ग, आनंद दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे निशुल्क नेत्र शिविर में अब तक करीब 15 हजार से अधिक मरीज निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। जिनके इसी सेवा भाव को देखते हुए आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा चित्रकूट से आई हुई टीम के सदस्य शुभम मिश्रा, कोमल परिहार सहित अन्य साथियों का सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहां की गरीब असहाय लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर एवं ऑपरेशन कर उन्हें नई रोशनी और उम्मीद की नई किरण प्रदान की जा रही है इससे बड़ा परोपकार और सेवा तो कोई दूसरी नहीं हो सकती जिसके लिए श्री सद्गुरु सेवा संघ और उनकी समस्त टीम को साधुवाद और शुभकामनाएं देते हैं। इस दौरान शिविर में आए करीब 450 मरीजों की निशुल्क जांच की गई जिसमें 147 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन कर चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। साथ ही 90 मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके पूर्व सभी मरीजों को संस्था की ओर से भोजन कराकर शिविर में स्वागत और सम्मान किया गया।



# नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**पथरिया।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के मार्गदर्शन में आज न्यायाधीश जूही सिंह एवं अध्यक्ष तहसील गविधिक सेवा समिति पथरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया जिसमें श्याम सुंदर शुक्ला,संजीव जैन,अंकित सिंह राजपूत संदीप समदरिया व समस्त अधिवक्तागणों की मौजूदगी रहीं। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में 35 आपराधिक प्रकरणों का एवं 3 चेक बाउंस प्रकरणों का जिसमें 1687411/- रुपए की वसूली हुई सभी प्रकरण पक्षकारों के आपसी सौहार्द एवं सहमति के आधार पर निराकरण किए गए साथ ही बैंक वसूली के 7 पीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमे 817300 रुपए की वसूली हुई तथा नगर पालिका के 9 पीलिटिगेशन प्रकरण जिसमें 57539/-रुपए की वसूली हुई। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में समस्त अधिवक्ता गण का राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने में सराहनीय सहयोग रहा।




## प्रतिवर्ष अनुसार दमोह में 16 दिसंबर को होगा विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

**दमोह।** शहर में प्रति वर्ष अनुसार विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है इस विशाल भजन संध्या में अपनी मधुर आवाज से लोगों को भारत के सुप्रसिद्ध कलाकार भजन गायक प्रीति सरगम सिंह जबलपुर, गौरी अग्रवाल इंदौर, राहुल जोशी पन्ना, आर.एस.के म्यूजिकल आनंदित करेंगे। इस दौरान आयोजकों ने बताया दमोह में प्रतिवर्ष अनुसार भारत के सबसे बड़े कलाकार भजन सम्राट वाले के द्वारा खाटू श्याम, बाबा एक शाम खाटू वाले के नाम भव्य दरबार में छप्पन भोग अखंड ज्योति पुष्प वर्ष से भजन कर गुणगान किया जाएगा। इस भजन संध्या का आयोजन 16 दिसंबर दिन मंगलवार को नीलकमल गार्डन दमोह में किया जाएगा। सांय 7 बजे भजन संध्या शुरू होकर प्रभु इच्छा तक चलेगी इस दौरान जय श्री श्याम भक्त मंडल सेवा समिति द्वारा बताया गया इस भजन संध्या के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार प्रचार के साथ युवाओं में भगवान की आस्था व भारतीय संस्कृति को अपने संस्कारों में लाना है। इसके साथ ही बाबा श्री खाटू श्याम के नाम की घर.घर अलख जगाना इस धार्मिक आयोजन के द्वारा जिला दमोह के नवीन प्रतिभाओं को विशाल मंच प्रदान करना तथा नवीन प्रतिभाओं को सम्मानित करना जय श्री श्याम भक्त मंडल दमोह द्वारा आप सभी जनता जनार्दन क्षेत्र वासियों धर्म प्रेमियों बंधु माता प्रेमियों से विनम्र निवेदन है कि आकर धर्म लाभ लेवे।

# तेंदूखेड़ा टीआई ने कोचिंग सेंटर और परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पुलिस अब स्कूली बच्चों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय है पहले दिन पुलिस कर्मियों ने स्कूलों में जाकर भ्रमण किया। और शनिवार को तेंदूखेड़ा आर आर बागरी स्वय स्कूल में पहुंचे शिक्षकों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। शनिवार की दिन नामोदय की परीक्षा थी नगर में भी उसके केंद्र बनाये गये थे पेपर आरंभ होने के पूर्व तेंदूखेड़ा टी आई स्टॉप के साथ पहुंचे उन्होंने केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायेजा लिया उसके बाद ड्यूटी में लगे शिक्षकों से जानकारी ली। उससे पहले शुक्रवार को रात नगर में संचालित होने वाले कोचिंग सेंटर पहुंचा टी आई ने बच्चों से उनके घर का पता पूछा घर से आने जाने में कोई समस्या तो नहीं आती इसके संबंध में पूरी जानकारी ली। साथ ही कोचिंग सेंटर के संचालकों से कहा यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे या फिर 112 डायल कर पुलिस की मदद ले सकते है। पुलिस के भ्रमण के दौरान टी आई राघवेंद्र बागरी प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी आरक्षक नीरज नामदेव मौजूद रहे। तेंदूखेड़ा टी आई रागबेंद्र बागरी ने बताया स्कूल और कोचिंग सेंटर में जाकर पुलिस दुबारा व्यवस्थाओं का जायेजा लिया गया है संचालकों से सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

# संभागायुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में की चर्चा

## सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएं शुद्ध सूची बन जाए, इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका - संभागायुक्त श्री सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएं शुद्ध सूची बन जाए, इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है, आप अपने मतदान केंद्र स्तर के प्रतिनिधियों को प्रक्रिया के बारे में बताते रहे, कोई परेशानी समस्या आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बताएं। इस आशय की बात संभागायुक्त अनिल सुचारी ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कही। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त श्री सुचारी ने कहा जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए टीमें बनाई गई है, जो लगातार काम कर रही है लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा यदि किसी मतदाता का सूची में नाम नहीं है, इस दौरान अपना नाम जुड़वा सकते है। संभागायुक्त ने कहा हर सप्ताह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आप लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं इससे कार्य में कोई परेशानी नहीं आयेगी।



संभागायुक्त श्री सुचारी ने एएसडीआर सूची प्राप्त दलों से जानकारी ली, सभी ने अवगत कराया की सूची मिली है, जानकारी साप्ताहिक मिलने की बात भी बताई। उन्होंने कहा कोई समस्या हो तो बताएं त्वरित उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा फॉर्म नंबर 6 और फॉर्म नंबर 8 कोई जमा करना चाहता है, तो किया जा सकता है। यह भी कहा आपको कोई बात हो या कोई सुझाव हो तो आप दे सकते हैं। इसके पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एस.आई.आर. प्रथम चरण गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन कुल मतदाताओं की संख्या, डिजिटाइजेशन, एस.आई.आर. में मतदाताओं की श्रेणी की जानकारी विधानसभा वार विस्तार से प्रस्तुत की। उन्होंने निर्देशित गतिविधियों एवं उनके कार्य प्रगति से भी अवगत कराया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया सोशल मीडिया एवं प्रेस के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई, फेसबुक लाइव के माध्यम से बीएलओ और मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया, साथ ही ग्राम एवं वार्ड सभाओं के माध्यम से एएसडीआर, नो मैपिंग मतदाताओं का वाचन आदि के संबंध में बताया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर, दावा एवं आपत्ति 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026, नोटिस एवं सुनवाई 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 एवं अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय निर्वाचन, उप- निर्वाचन वर्ष 2025 जिसके तहत पंच पद हेतु 22, सरपंच पद हेतु 02 देवरान और निबौराकलां तथा जिला पंचायत सदस्य हेतु 01, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी में होना है, इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस बैठक राजनीतिक दलों के पदाधिकारी श्याम शिवहरे, लालचंद राय, राघवेंद्र सिंह परिहार, देवकीनंदन, गोवर्धन राज सहित संबंधित अधिकारी, चिहिंत बूथ लेवल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री आज जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेंगे

**दमोह।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार आज 14 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10.30 बजे जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेंगे। आप दोपहर 1 बजे मीडियाजनों से चर्चा करेंगे, तदोपरान्त अपरान्ह 3.30 बजे दमोह से रवाना होकर व्हाया सागर, राहतगढ, विदिशा होते हुये भोपाल पहुंचेंगे।

### विवाह वर्षगांठ पर बांटे कंपास सेट

**बनवार।** सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए भाजपा बनवार मंडल अध्यक्ष रोहित जैन ने अपनी विवाह वर्षगांठ बच्चों के साथ मनाई। उन्होंने पीएम श्री हायर सेकेंडरी विद्यालय घटेरा में अध्ययनरत करीब 250 छात्र-छात्राओं को कंपास सेट वितरित किए। फिज़ूल खर्च और दिखावे से दूर इस सेवा-भावी पहल को बच्चों व विद्यालय प्रबंधन ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम के दौरान रोहित जैन ने कहा कि "शिक्षा को बढ़ावा देना ही समाज का वास्तविक उत्सव है। यदि बच्चे आगे बढ़ेंगे तो हमारा क्षेत्र और राष्ट्र दोनों आगे बढ़ेंगे।" उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित अध्ययन और अनुशासन के लिए प्रेरित किया।

## न्यायालय में लंबित 584 प्रकरणों का हुआ निराकरण

# सुलह व समझौते से आपसी विवादों का हुआ अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह श्री सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री उदय सिंह मरावी द्वारा ए.डी.आर. भवन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सुश्री स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह श्री कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार खत्री, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय एस.एन. ओझा, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी



सतीष कपस्या, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ श्री दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ श्री विश्वनाथ बिल्थरे सहित न्यायालयीन व विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित हुये। विशेष न्यायाधीश /प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री उदय सिंह मरावी ने संबोधित करते हुये कहा वर्ष की इस अंतिम लोक अदालत के सफल होने के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा मोटर दुर्घटना व चैक बाउंस के प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की गयी हैं। प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है। आशा है कि यह लोक अदालत पूर्व की भांति इस बार भी सभी के सहयोग से सफल होगी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 25 प्रकरणों में राशि एक करोड़ इक्कीस लाख अड़सठ हजार रूपये के अवार्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 122, वैवाहिक के 11, चैक अनादरण के 67 एवं दांडिक के 253 प्रकरणों सहित 584 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर कुल तीन करोड़ साठ लाख तैंतीस हजार रूपये के अवार्ड पारित किये गये। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के 969 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर सड़सठ लाख रूपये से अधिक की वसूली की गई।

### भाई-बहनों के बीच चल रहे संपत्ति के विवाद का हुआ अंत

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड दमोह सुश्री अनुप्रेक्षा जैन के न्यायालय में लंबित प्रकरण भाईयों के द्वारा अपनी 4 बहनों के विरूद्ध दमोह शहर में स्थित मकान एवं दुकान व पथरिया स्थित लगभग 4 हेक्टेयर भूमि के संबंध में घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया था। जिसमें राजीनामा की संभावना को देखते हुये उक्त प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखा गया था। प्रकरण में पक्षकारों के उपस्थित होने पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की गई, चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि पक्षकारों के मध्य लंबे समय से राजस्व न्यायालय में प्रकरण चल रहा है, जिसके कारण दोनों पक्षों में विवाद है। समझाइश दिये जाने पर दोनों पक्ष इस बात पर राजी हुये कि प्रतिवादी क्रमांक 1 बहन सीमा के द्वारा ग्राम खौजाखेड़ी की भूमि रकवा 0.78 हे. लखनलाल कोरी प्रतिवादी क्रमांक 5 को विक्रय कर दी और अपना हिस्सा प्राप्त कर लिया है, वादीगण उक्त प्रकरण के संबंध में भविष्य में कोई कार्यवाही नही करेंगें तथा शेष प्रतिवादीगण वादीगण के स्वामित्व व काबिज दमोह स्थित मकान एवं दुकान सहित विवादित संपत्ति में हस्तक्षेप नही करेंगें। साथ ही प्रतिवादीगण भविष्य में कभी भी किसी अन्य चल/अचल संपत्ति के संबंध में कोई दावा नही करेंगें। भाईयों के द्वारा किया गया बटवारा प्रतिवादीगण को मान्य होगा, इस प्रकार सगे भाई-बहनों के बीच संपत्ति के कारण हुये विवाद का लोक अदालत के माध्यम से पटाक्षेप हो गया और दोनों पक्ष हंसते-हंसते न्यायालय से विदा हुये, उन्हें न्यायाधीशगण द्वारा उपहार स्वरूप फलदार पौधों का वितरण भी किया गया।

### कुटुम्ब न्यायालय में हुआ 43 प्रकरणों का निराकरण



कुटुम्ब न्यायालय में लंबित 43 प्रकरणों में पति-पत्नि के द्वारा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर व सुलहकर्ता अधिवक्ता के द्वारा समझाईश दिये जाने पर आपसी राजीनामा कर अपने प्रकरणों को खुशी-खुशी समाप्त किया। न्यायालय में लंबित भरण पोषण के एक प्रकरण में पत्नि के द्वारा पति के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत कर स्वयं एवं अपने 3 बच्चों के लिये भरण पोषण राशि की मांग की गई थी। प्रकरण में राजीनामा की गुंजाइश को देखते हुए न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण को लोक अदालत में रखा गया और दोनों पक्षों को चर्चा हेतु आहूत किया गया, चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि पति मकान निर्माण में मजदूरी का कार्य करता है, जिसके कारण अक्सर वह विलंब से घर पहुंचता है, विलंब से घर पहुंचने के कारण पत्नि बेवजह पति पर शंका करती है, जिसके कारण दोनों अलग-अलग रह रहे है। न्यायालय द्वारा समझाइश दिये जाने एवं 3 बच्चों का भविष्य देखते हुए वे एक साथ रहने तैयार हुए और न्यायालय में एक दूसरे को माला डालकर विदा हुए, दोनों पक्षों को न्यायाधीशगण द्वारा स्मृति के रूप में फलदार पौधे दिये गये। यह नेशनल लोक अदालत में सभी न्यायाधीशों एवं सभी अभिभाषक बंधुओं, जिला प्रशासन, पत्रकार बंधुओं जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुई। रजनीश चैरसिया जिला विधिक सहायता अधिकारी ने सभी के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# टाइगर रिजर्व में चिंकारा का मांस पका रहे दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

### अब फोरेंसिक टीम करेगी चिंकारा के मौत के कारणों की पुष्टि, मांस के साथ कटा सिर हुआ है बरामद



**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चिंकारा का मांस पकाते हुए दो आरोपियों को अमले ने पकड़ा है। आरोपियों से चिंकारा का सिर, मांस और उपयोग किए हथियार को वन विभाग ने बरामद किया है। इस दौरान आरोपियों का एक साथी भागने में कामयाब रहा है। मामला दर्ज किए जाने के उपरांत शनिवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है और फरार आरोपी की तलाश में वन अमला जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि चिंकारा एक सड़क हादसे में घायल हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने उसे मारकर उसका मांस पका लिया।

**चिंकारा मिलने पर उठा कर ले गए साथ**

मामला वन परिक्षेत्र झापन की बीट लकलका का है, जहां शुकवार को सड़क हादसे में चिंकारा घायल हो गया था। सूचना मिलने पर वन अमला को मौके पर पहुंचा तो समाने आया कि लकलका गांव के तीन युवक घूमन पिता सूरज यादव, राजेंद्र पिता धांदू लोधी और अरविन्द यादव पिता हरलाल यादव घायल जानवर को उठाकर अपने साथ ले गए है। आगे तलाश किए जाने पर सामने आया कि आरोपियों ने चिंकारा की हत्या कर आधा शरीर जमीन में दबा दिया दिया है और शेष को पकाना शुरू कर दिया है।

### डॉग स्कॉड की मदद से पहुंचे आरोपियों तक

चिंकारा के सम्बन्ध में जानकारी न मिलने के बाद झापन रेंज का वन अमले ने टाइगर रिजर्व टीम से संपर्क किया और मौके पर डॉग स्क्वायड टीम पहुंची और खोजबीन शुरू की। डॉग सबसे पहले उस जगह पहुंचा जहां चिंकारा का आधा शरीर दबाया गया था। उसके आधार पर ही डॉग टीम को आरोपियों के घर तक लेकर पहुंच गया। घर पर टीम के पहुंचने पर अमले ने वहां घूमन यादव और राजेंद्र लोधी को मांस पकते हुए पाया। इसके आधार पर वन आमले ने आरोपीयों से पूछताछ की तो सामने आया कि वह तीन लोग थे उनका एक साथी भाग गया है। 15 किलो मांस, कुल्हाड़ी की जब्ती और बयानों के आधार पर आरोपियों पर वन प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### अब जांच होगी मौत के कारणों की

अमले ने जब्त किए गए मांस को फोरेंसिक जांच के लिए वेटरनरी कॉलेज जबलपुर भेजा गया है। जहां परीक्षण के बाद यह स्पष्ट होगा कि चिंकारा का शिकार किया गया है या फिर किसी वाहन से टकराने से उसकी मौत हुई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही होगी। कार्यवाही में एसडीओ बीपी तिवारी, झापन रेंजर नीतेश डहरिया, मुहम्मद शाकिर खान, परिक्षेत्र सहायक सुजीत सैनी, वनरक्षक सुंदर लाल जैन, त्रिवेंद्र सीग लोधी, डॉग स्क्वाड टीम प्रभारी प्रीतम अहिरवार की भूमिका रही।

# ओआईसी डॉ. प्रखर सिंह ने स्वास्थ्य संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** उप संचालक एनएचएम भोपाल एवं दमोह ओआईसी डॉ. प्रखर सिंह दो दिवसीय जिले के भ्रमण पर रहे। डॉ. सिंह ने 10 से 11 दिसम्बर के दौरान जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों- जिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अभाना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारूताल एवं संजीवनी अस्पताल गौपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं पीआईपी 2026-27 निर्माण बैठक में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. मनीष संगतानी, डीपीएम एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान दमोह ओआईसी डॉ. प्रखर ने सीएम हेल्पलाईन, सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति, पीआईपी निर्माण, संस्थाओं के एनक्यूएएस अंतर्गत असेसमेंट की तैयारियां, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं एनसीडी कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। डॉ. अठया ने इस संबंध में अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। डॉ. प्रखर को विभिन्न संवर्ग अनुसार रिक्त पदों की जानकारी दी गई। डॉ. प्रखर ने आगामी वित्तीय वर्ष में एनक्यूएएस असेसमेंट हेतु संस्थाओं को चयनित कर सक्षम पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिये। डॉ. प्रखर ने सिविल सर्जन डॉ. पटेल को संस्था में एएनसी वार्ड में बैठक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण हेतु महिला गार्ड, संस्था में मरीजों को भोजन वितरण में ग्लब्ज का उपयोग करने तथा साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिये। डॉ. प्रखर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अभाना भ्रमण दौरान एएमओ डॉ. शिरीष जैन ने संस्था में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया। डॉ. प्रखर ने संस्था में ओपीडी फुटफॉल, प्रिसक्रिप्शन राईटिंग एवं दवा वितरण व्यवस्था पर प्रसन्नता जताई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अभाना को नव निर्मित भवन से संचालित करने के निर्देश दिये। वहीं डॉ. प्रखर ने संजीवनी अस्पताल गौपुरा में सेल्फ केयर किट को संस्था के बाहर लगाने, एनसीडी पोर्टल में डाटा प्रविष्टि, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार एवं संस्था को एनएक्यूएस मापदण्ड अनुसार तैयार करने के निर्देश एलएमओ डॉ. मिताली हैरिसन को दिये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारूताल में प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित रिकार्ड का अवलोकन किया और औषधि प्रबंधन को मानकों के अनुरूप संधारित करने के निर्देश सीएचओ एवं एएनएम को दिये। भ्रमण दौरान डीपीएम डॉ. देवेन्द्र कुस्तवार मौजूद रहे।



# 3000 किलोमीटर साइकिल यात्रा कर तेंदूखेड़ा पहुँची 'पेडल टू प्लांट' की टीम



### आठ वर्षीय बच्ची भी बनी अभियान का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 3000 किलोमीटर की लंबी साइकिल यात्रा कर 'पेडल टू प्लांट' की चार सदस्यीय टीम तेंदूखेड़ा पहुँची। यह टीम आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र, तेंदूखेड़ा में लगभग दोपहर 12:00 बजे पहुँची, जहाँ गौशाला के अध्यक्ष संजय कुमार जैन द्वारा टीम का आत्मीय स्वागत किया गया। इस विशेष टीम की खास बात यह रही कि इसमें एक आठ वर्षीय बच्ची भी शामिल थी, जिसने इतनी लंबी यात्रा में भाग लेकर यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल बड़ों की ही नहीं, बल्कि बच्चों की भी है। बच्ची का उत्साह और संकल्प उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। गौशाला पहुँचने के बाद टीम के सदस्यों ने गौशाला का भ्रमण किया और वहाँ मौजूद गोवंश को गुड़ के लड्डू खिलाए। इसके पश्चात गौशाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि उनकी यह साइकिल यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण, प्रकृति और हरियाली के महत्व के प्रति जागरूक करना है। टीम ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण, कटते जंगलों और बदलते जलवायु परिदृश्य को देखते हुए आज पौधारोपण और प्रकृति संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। 'पेडल टू प्लांट' अभियान के माध्यम से वे यह संदेश देना चाहते हैं कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण दिया जा सकता है। गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से एक छोटी बच्ची का इस अभियान में शामिल होना यह दर्शाता है कि यदि सही मार्गदर्शन मिले तो बच्चे भी बड़े बदलाव का माध्यम बन सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया तथा 'पेडल टू प्लांट' टीम के उज्ज्वल भविष्य और सफल यात्रा की कामना की।

### गांजा तस्करी का जंक्शन बनता जा रहा है हटा नगर,

# पुड़ियों में सप्लाई, चिलम नहीं पेपर रोल से सिगरेट की तरह नशे का ट्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगर अब गांजा तस्करी का जंक्शन बनता जा रहा है। सड़क मार्ग से नशे की खेप कटनी के रास्ते ओडिशा से लाकर हटा में उतारी जा रही है यहां से शहर और गांवों तक यह खेप पहुंच रही है। थोक तस्करी के साथ नगर व क्षेत्र के अंदर यह पुड़ियों में बिक रहा है। पुड़ियों में 10 लोगों के एक डोज के बराबर मात्रा रखी जाती है। पहले गांजा बड़े-बुजुर्गों की चिलम तक सीमित था, लेकिन अब इस नशे का एक नया और चौंकाने वाला ट्रेंड सामने आया है। स्कूल-कॉलेज के छात्र और युवा इसे विशेष तरह के पेपर रोल में रखकर कश लगा रहे हैं। चिलम के जरिए नशा करने पर पकड़े जाने का डर रहता है। इससे बचने युवा चाय-पान की गुमटियों पर बिक रहे पेपर रोल में रखकर सिगरेट की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। नशे के बदलते ट्रेंड से अब यह भेद कर पाना मुश्किल हो गया है कि छात्र और युवा गांजा पी रहे हैं या सिगरेट।

### चाय पान गुमठियों से हो रही खुलेआम बिक्री

शहर में गुमटियों से 10-15 रुपए में बेरोकटोक पेपर रोल बिक रहे हैं। यह दो तरह से बिकता है एक तैयार रोल दूसरा तीन पेपर में बिकता है। तैयार रोल 5 रुपए महंगा है। पेपर रोल बेचने वाले दुकानदारों से बात की तो बोले- 15 से 20 साल के उम्र के लड़के यह पेपर रोल खरीदने आते हैं। सिगरेट की तरह हम यह पेपर रोल भी बेच रहे हैं। कौन क्या उपयोग कर रहा हैं इससे हमें क्या करना। हम तो अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं। यह पेपर रोल शहर की थोक दुकानों पर भी आसानी से उपलब्ध हैं। शहर में इन दिनों में चंडी जी इलाका, अस्पताल के आसपास, अंधियारा बगीचा क्षेत्र, बस स्टैंड का किला एरिया, घुराघाट नदी क्षेत्र एवं मुक्तिधाम हैं। जहां युवाओं को गांजा का सेवन करते आसानी से देखा जा सकता है। इसके अलावा कई बंद कमरे भी संचालित हैं। जो कैफों के नाम से शहर में संचालित हैं।

जब सुनार नदी के किनारे 16 साल का छात्र और उसका एक साथी पेपर रोल के जरिए गांजे का नशा करते मिले। जब पूछा कि गांजा पी रहे हो। दोनों सहम गए। बोले कि यह गांजा नहीं है सिगरेट है। दोनों को भरोसे में लेकर बात की तो सबकुछ सामने आ गया। किशोर ने बताया कि चंडी जी एरिया से गांजे की पुड़िया मंगाई थी। इसके पहले घुराघाट मोहल्ले से खरीदा था। बेचने वाले अपनी पहचान नहीं बताते। गांजे की पुड़िया 50 रुपए से 100 रुपए तक में मिल जाती है। 100 रुपए की पुड़िया 5 लोगो के लिए पर्याप्त है। हालांकि मादक पदार्थ और इसके उपयोग की सामग्री बेचने वालों पर कोटपा एक्ट 2003 के नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए इस पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक्ट की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। 200 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। लेकिन चिंता की बात यह है कि छात्र भी इससे नशा कर रहे हैं।

### पुलियां बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में बाईक सवार तीन लोग गिरकर घायल



**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे ग्राम भैंसा के पास बन रही पुलियां के गडठे में 10 फिट नीचे पत्थरो पर गिरकर वाईक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हे प्राईवेट वाहन से तेंदूखेड़ा अस्पताल लाया गया लेकिन तीनो की हालत गम्भीर होने के कारण तत्काल जबलपुर मेंडीकल कालेज रिफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरसेला ग्राम से दो वाईको पर 6 लोग ग्राम झलोन जा रहे थे झलोन से मजदूरी करने के 4 लोगो को बस से इंदौर जाना था लेकिन ग्राम से आते समय ग्राम भैसा के पास ठेकेदार ने सडक पर पुलियां बनाने के लिए गडठा खोद दिया था लेकिन गडठा खोदने के बाद सडक पर कोई निशान या ड्राईवर्सन सडक भी नही बनाई थी। जिस कारण वाईक सवार दवेन्द्र पिता राम प्रसाद 23, उपेश पिता हरिसिंह 19 एवं सुरेन्द्र पिता अच्छेलाल 22 सभी निवासी ग्राम सरसेला सीधे जाकर गडठे में गिरकर गम्भीर घायल हो गए। दूसरी वाईक सवार लोगो ने फोनकर अपने ग्राम से प्राईवेट वाहन मगाया और इलाज के लिए तेंदूखेड़ा लाया गयां। अस्पताल की सूचना पर पुलिस मामले की जॉच कर रही है।

# स्कूल बच्चों को बचाने में खेत में घुसा ट्रक, बड़ा हादसा टला



**दमोह।** छतरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। स्कूल जा रहे बच्चों को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में जा घुसा। सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 8:05 बजे की है। मोहाली पंजाब से छत्तीसगढ़ जा रहा ट्रक, जिसमें स्वराज ट्रैक्टर लोड थे, बटियागढ़ की ओर से दमोह की तरफ आ रहा था। जब ट्रक नरसिंहगढ़–चंपत पिपरिया के बीच भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से सड़क पर स्कूल के बच्चे आ गए। इसी दौरान सामने से एक अन्य वाहन भी आ रहा था। अचानक बनी इस स्थिति में ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ब्रेक पाइप फटने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा। ट्रक चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को सड़क से मोड़कर पास के अरहर के खेत में उतार दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रक चालक के अनुसार, यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया जाता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। चालक की समझदारी से करीब चार से पांच स्कूली बच्चों की जान बच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी को चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने चालक की तत्परता और साहस की सराहना की है।